हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 9 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री


आज हर क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता बढ़ रही .... 12


विधायक ने महिला दिवस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ... 12



## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** जमीन विवाद को लेकर मारपीट के एक मामले में सांकरा पुलिस ने दो लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थिया विनीता भोई पति अजय भोई (28 साल) निवासी सलडीह ने बताया कि चार मार्च की दोपहर करीबन 01 बजे वह अपने पति अजय भोई के साथ मायके गई थी, जहां देखा कि पिता सुरेंद्र भोई घर के आंगन में गिरे पडे थे, उनके दाहिने पैर में गंभीर चोट लगी थी। पूछने पर पिता ने बताया कि चार मार्च के करीबन 12 बजे तुरन भोई एवं उसके पुत्र नीलांबर भोई घर के अंदर आकर जमीन संबंधी पुरानी बात को लेकर गाली गलौज करते हुए अपने हाथ में रखे डंडा से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 333, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### अछोला सोसायटी के सहायक प्रभारी के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम अछोला सोसायटी के सहायक समिति प्रभारी के साथ मारपीट के मामले में तुमगांव थाने में तीन लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को रेवाराम साहू निवासी गढ़सिवनी ने बताया कि वह अछोला सोसायटी का सहायक समिति प्रभारी है। 06 मार्च को वह ड्यूटी पर था। शाम करीब 7 बजे वह जोबा चौक में गुड़ाखू लेने के लिये गया था, जहां पर उसके साथ जोबा के दद्दू ध्रुवंशी, लक्की ठाकुर पिता अशोक ठाकुर, टिकेश्वर ध्रुव एक राय होकर गाली गलौज करने लगे। इसके बाद वह वहां से अपनी ड्यूटी पर जोबा सोसायटी कार्यालय आ गया, कुछ देर बाद तीनों आरोपी सोसायटी कार्यालय के अंदर घुसे और पीने खाने के लिये पैसा दो कहा। जब उसने मना किया तब आरोपियों ने गाली गलौज कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे।

# श्रेष्ठ 457 खिलाड़ियों और प्रतिभागियों को बोर्ड परीक्षा में मिलेंगे बोनस अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले से कुल 457 खिलाड़ियों और प्रतिभागियों का चयन किया गया है, जिन्हें उनकी उपलब्धियों के आधार पर बोर्ड परीक्षा में अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं में इस वर्ष जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बोनस अंक प्रदान किए जाएंगे। जिला शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न खेलों और सहशैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की सूची तैयार कर शासन को भेजी गई है। इसके तहत कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को उनके प्रदर्शन के अनुसार बोनस अंक दिए जाएंगे।

## सूची तैयार कर शासन को भेजी गई, 10वीं व 12वीं के छात्रों को उनके प्रदर्शन पर मिलेंगे

### ग्रेड्स में किया जाएगा शामिल

अंकसूची की वर्तमान व्यवस्था के तहत इन बोनस अंकों को अतिरिक्त कॉलम में दर्शाया जाएगा। ग्रेड प्रणाली लागू होने के कारण इन अंकों को ग्रेड के रूप में भी प्रदर्शित किया जाएगा। बोनस अंकों का अधिकतम लाभ 500 अंकों में से 495 अंक तक ही जोड़ा जा सकेगा, अर्थात अधिकतम 5 अंक ही बोनस के रूप में जुड़ पाएंगे।




### इतना मिलेगा बोनस अंक

खेल और अन्य गतिविधियों में भागीदारी के आधार पर विद्यार्थियों को अलग-अलग बोनस अंक दिए जाएंगे। जिला और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को 10 से 15 अंक, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाले खिलाड़ियों को 20 अंक तक का प्रावधान है। इसके अलावा स्काउट-गाइड, एनएसएस और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी निर्धारित बोनस अंक दिए जाएंगे।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहन

जिला खेल अधिकारी मनोज घृतहलरे के अनुसार इस व्यवस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को खेल और सहशैक्षणिक गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करना है। इसी आधार पर जिले के 457 विद्यार्थियों के नाम बोनस अंकों की पात्र सूची में शामिल किए गए हैं। इस पहल से खेल और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिलेगा और उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ प्रतिभा दिखाने का अवसर भी मिलेगा।

### 16 मार्च से मूल्यांकन कार्य

माध्यमिक शिक्षा मंडल के अनुसार 16 मार्च से उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू होगा। कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 18 मार्च को समाप्त होगी, जबकि 12वीं की परीक्षाएँ पहले ही समाप्त हो चुकी हैं। मूल्यांकन के लिए उत्तरपुस्तिकाएँ संबंधित मूल्यांकन केंद्रों तक भेजी जाएंगी।

## आक्रोश : केंद्र सरकार को लिया आड़े हाथों, पुतला फूंका

# एलपीजी के दाम में वृद्धि का विरोध कांग्रेस ने किया जमकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



रसोई गैस की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देशभर के विभिन्न शहरों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के खिलाफ पुतला दहन और जोरदार प्रदर्शन किया है।

यह विरोध प्रदर्शन मुख्य रूप से 7 मार्च से लागू हुई रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ है। इसी क्रम में महासमुंद जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारकाधीश यादव के नेतृत्व में नेहरू चौक महासमुंद में कांग्रेस नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने सरकार पर निशाना साधते हुए इसे आम जनता के बजट पर सीधा हमला करार दिया है। जिलाध्यक्ष यादव ने यह भी कहा की पहली बार किसी प्रधानमंत्री को बेबस और लाचार देखा है। लगातार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप वो निर्णय ले रहे हैं जो हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेना चाहिए। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस से तेल खरीदने एक माह की छूट की घोषणा की है तो देश यह जानना चाहता है की क्या हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को अमेरिका के पास गिरवी रख दिया है जो अमरीकी राष्ट्रपति निर्णय सुना रहे हैं।

जनता ने अपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुना है डोनाल्ड ट्रंप को नहीं। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करते हैं कि महंगाई से परेशान जनता को राहत की जरूरत है मगर आप उन पर अतिरिक्त भार डाल रहे हैं। अपने इस निर्णय को तत्काल वापस लीजिए वर्ना जनता जवाब देगी।

### यह रहे प्रदर्शन में मौजूद

विरोध प्रदर्शन के इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खल्लारी विधायक एवं जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुरमीत चावला, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष खिलावन साहू, शहर मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, तुलसी साहू, पार्षद मुस्ताक खान विक्की, पूर्व शहर अध्यक्ष जसबीर ढिल्लो, भूपेंद्र ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, नरेंद्र सेन, मधुसूदन साहू, लक्ष्मी देवांगन, सोनम बंसोड़, मनोजकांत साहू, दाऊलाल चंद्राकर, सचिन गायकवाड, नितेंद्र बैनर्जी, डॉ एजाज नकवी, शहजान पाशा, सुनील चंद्राकर, भरत ठाकुर, गोविंद साहू, मोक्ष प्रधान, टोमन कागजी, विजय साव, राजेश मुकर्जी, हार्दिक सोना, गोपी तारक, दुष्यंत होता, जावेद चौहान, चंदूलाल साहू, नारायण नामदेव, छोटू बघेल, हीराधन साहू, सुभाष शर्मा, राजा सोनी, सतनाम चावला, अनीश रजवानी, भोलाराम, खोमेश साहू, लोमन यादव, कमल प्रजापति, राजेश डडसेना, राहुल कुमार, तुलसी देवदास, भानु सोनी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार के संरक्षण में ही रही अफीम की खेती




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपाई नेता के फार्म हाउस में अफीम की खेती का खुलासा होने के बाद प्रदेश में सूखे नशे की खिलाफत करते हुए कांग्रेस आक्रामक रूप में नजर आ रही है। इसी तारतम्मय में पीसीसी के निर्देशन में जिला कांग्रेस कमेटी ने पत्रकारवार्ता के दौरान प्रदेश भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि कल दुर्ग के समोदा गांव में एक फार्म हाउस के अंदर लगभग 10 एकड़ में अफीम की खेती स्थानीय भाजपा नेता विनायक ताम्रकार द्वारा की जा रही थी। तामकार भाजपा के दुर्ग जिले का किसान मोर्चा का पूर्व अध्यक्ष है तथा वर्तमान में वह भाजपा के राईस मिल प्रसंस्करण प्रकल्प का प्रदेश संयोजक है।

भाजपा के सभी कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण और सक्रिय भागीदारी होने के साथ प्रदेश पदाधिकारी भी है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह, तोखन साहू, गृह मंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल, भाजपा के राष्ट्रीय नेता अजय जामवाल, शिवप्रकाश सहित अनेकों नेताओं के साथ उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया में है। यादव ने कहा कि भाजपा द्वारा निलंबित करने की कार्रवाई महज एक ढोंगे है। बिना सरकार के संरक्षण के कोई अफीम की खेती खुलेआम करे यह संभव नहीं है।

### गृह मंत्री से मांगा इस्तीफा

घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए गृह मंत्री से इस्तीफा देने की मांग करते हुए जिलाध्यक्ष यादव ने कहा कि भाजपा के राज में छत्तीसगढ़ नशे के मामले में पंजाब, गुजरात और पश्चिम बंगाल को पीछे छोड़ चुका है। शहरों के आउटर कैफे तो युवाओं को नशा परोसने का केंद्र बन चुके है।

### पुलिस मजबूरः द्वारिकाधीश



महासमुंद शहर में ड्रग्स की धमक और पुलिस कार्रवाई नही होने के प्रश्न पर जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि पुलिस सत्ताधीशों के समक्ष मजबूर हो गई है। नशे को रोकने की बजाय सहयोगी बनी हुई है। सरकार नशे के कारोबार पर रोक लगाने में विफल साबित हो रही है। पूरे प्रदेश में युवा नशे की गिरफ्त में जा रहे है। सरकार और पुलिस की मिलीभगत के कारण ही प्रदेश के युवा नशे की गिरफ्त में हैं। चंद पैसों के लिए सत्तासीन लोग नशे के बढ़ते कारोबार को रोकने के बजाय संरक्षण दे रहे है। बिना सत्ता के संरक्षण के ड्रग्स खुलेआम नहीं बिक सकता। संरक्षण देने वाले कौन हैं इसका भी खुलासा होना चाहिए?

# फर्शी फैक्ट्री में पेट्रोल-डीजल का भंडारण, सात पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम घोड़ारी के एक फर्शी फैक्ट्री से सिटी

- घोड़ारी के फर्शी फैक्ट्री में पेट्रोल-डीजल के अवैध भंडारण पर सिटी कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

कोतवाली पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध रूप से भंडार कर रखे गए पेट्रोल-डीजल को बरामद किया है। मामले सात लोगों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम घोड़ारी के बालाजी फर्शी फैक्ट्री के अंदर राहुल यादव नाम के व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ डीजल/पेट्रोल को बिना सुरक्षा प्रबंध के रखा गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कुल 37580 लीटर डीजल कीमत 35, 14, 481.60 रुपए एवं कुल 10, 120 लीटर पेट्रोल




कीमत 10, 07648.40 रुपए, कुल डीजल/पेट्रोल 47, 700 लीटर कुल कीमत 45, 22, 130 रुपए को बरामद किया।

मामले में आरोपी राहुल यादव पिता श्यामबली (27 साल) नक्टा मंदिर हसौद थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर, ओमप्रकाश उर्फ कालिया पिता स्व महेशो (38 साल) उरला स्वाद चौक बेंद्री रोड रायपुर, उमेश साहू पिता स्व लखन साहू (56 साल) दुर्गा नगर बिरगांव थाना उरला जिला रायपुर, सुशंक च्वाईसी पिता इंद्रमण च्वाईसी (31 साल) छोनोगिर थाना जानकीया जिला खोरदा ओडिशा, शिवानंद पिता जयनाथ चौबे (27 साल) निवासी नवागांव थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर, बिट्टू कुमार सिंह पिता जितेंद्र कुमार सिंह (32 साल) बालाजी कॉलोनी मंदिर हसौद थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर, महेश यादव पिता अमृत लाल यादव (40 साल) हिरामनपुर पोआ प्रतापपुर थाना सरांगूम मरेज जिला प्रयागराज उत्तरप्रदेश हाल निवास गुजरा फाटक थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर के खिलाफ धारा 287 बीएनएस आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3, (7) के तहत अपराध दर्ज किया गया।

### जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन 9 से

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं आदेशानुसार नीति आयोग, भारत सरकार अंतर्गत संचालित आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत विकासखंड क्षेत्र में आईईसी प्रशिक्षण एवं जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 09 मार्च से 16 मार्च 2026 तक ग्राम पंचायत सांकरा, भुरकोनी, लाखागढ़ एवं सलडीह में वृहद स्तर पर आईईसी प्रशिक्षण एवं शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होकर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी देंगे।

## बच्चा चोरी की अफवाह से दहशत

# पुलिस ने संदिग्ध को हिरासत में लेकर शांत कराया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सरायपाली थाना अंतर्गत ग्राम संतपाली में उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने बच्चा चोर होने के संदेह में एक व्यक्ति को बंधक बना लिया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और क्षेत्र में फैली अफवाहों के बीच पुलिस ने मोर्चा संभाला और स्थिति को नियंत्रण में लिया।

मिली जानकारी के अनुसार, वीरेंद्र यादव नामक एक व्यक्ति ग्राम संतपाली में भीख मांग रहा था और कचरा बीनने का काम कर रहा था। इसी दौरान उसने एक बच्चे से बातचीत की और उसे गोद में लेने का प्रयास किया। इसे देखकर बच्चे के माता-पिता डर गए और उन्होंने शोर मचा दिया। देखते ही देखते पूरे गांव में खबर फैल गई कि बच्चा चोर गांव में घुस आया है। ग्रामीणों ने संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर एक स्थान पर बंधक बना लिया। जब उससे पूछताछ की गई, तो वह लगातार अपने बयान बदल रहा था। उसने कभी खुद को खुसरुपाली का बताया, तो कभी कनकेबा या पतेरापाली का निवासी होने की बात कही।

### तलाशी में मिले संदिग्ध सामान

ग्राम सरपंच ललित साहू के अनुसार, जब ग्रामीणों ने उस व्यक्ति के पास मौजूद सामान की तलाशी ली, तो उसमें से एक से अधिक आधार कार्ड और कुछ कपड़े बरामद हुए। कपड़ों पर एक बच्चे का नाम लिखा हुआ था, जिससे ग्रामीणों का संदेह और अधिक गहरा हो गया। तत्काल इसकी सूचना सरायपाली पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और व्यक्ति को अपनी हिरासत में ले लिया।

### अफवाहों का माहौल

गौरतलब है कि होली के दौरान कनकेबा में हुई एक दुखद घटना और लापता नाबालिग का शव मिलने के बाद से इस पूरे क्षेत्र में लोग डरे हुए हैं। इसी डर का फायदा उठाकर असमाजिक तत्व बच्चा चोर जैसी अफवाहें फैला रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अफवाह फैलाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस की जांच और अपील

सरायपाली थाना प्रभारी नितेश सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों को शांत कराया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पकड़ा गया व्यक्ति घुमंतू (भिखारी) प्रतीत हो रहा है। वह कूड़ा-कचरा बीनने का काम करता है, इसलिए उसके पास पुराने कपड़े और अन्य सामान मिले हैं। पुलिस फिलहाल उसके पास मिले आधार कार्ड की सत्यता की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने क्षेत्र की जनता से विशेष अपील कि हैं कि क्षेत्र में फैल रही बच्चा चोरी की खबरों पर ध्यान न दें। बिना जांच के किसी भी अजनबी पर हमला न करें या उसे बंधक न बनाएं। ऐसी अफवाहों से मॉब लिंचिंग (भीड़ द्वारा हिंसा) का खतरा बढ़ जाता है, जिसमें निर्दोष व्यक्ति की जान जा सकती है। यदि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखे, तो कानून हाथ में लेने के बजाय तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## 35 वर्षीया समाजसेविका उषा कहलाती है यहां रहने वाली 80 वर्षीय वरिष्ठजनों की "मां"

# बेसहारा बुजुर्गों का सहारा बना 'वरिष्ठजन सेवा सदन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समाज में रह रहे ऐसे बुजुर्ग जिन्हें अपनों ने ही ठुकराया और अपनों का सहारा जिन्हें नसीब न हो पाया उन बुजुर्गों की 'मां' कहलाती है यह 35 साल की युवती। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहीं समाजसेविका श्रीमती उषा साहू की पहल इन दिनों चर्चा में है। इनके द्वारा स्थापित संस्था माता कौशल्या वेलफेयर फाउंडेशन के माध्यम से पिछले एक वर्ष से बजुर्गों के लिए "वरिष्ठजन सेवा सदन" का संचालन शहर के ईमली भाठा में किया जा रहा है। जहाँ बेसहारा और जरूरतमंद बुजुर्गों को भोजन, आवास और स्वास्थ्य सुविधाए और दैनिक गीत संगीत और क्रियाकलापों से मनोरंजन की सुविधा स्वयं सेवा के तहत उपलब्ध कराई जा रही हैं।






### समाज के सहयोग से आगे बढ़ रहा सेवा अभियान

संस्था के संचालन में समाज के विभिन्न वर्गों की महत्वपूर्ण भूमिका सामने आई है। इसमें समाजसेवी, चिकित्सक, उद्योगपति, व्यापारी, जनप्रतिनिधि व हिंदूवादी संगठन भी शामिल हैं, जो आपसी सहयोग और सहभागिता से इस सेवा कार्य को ‛निःस्वार्थ सेवा ही संकल्प‛ के सूत्र वाक्य के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। सभी के संयुक्त प्रयासों से संचालन जारी है।

### सेवा के संकल्प से शुरू हुई पहल

समाजसेविका उषा साहू की वर्षों से यह मंशा थी कि समाज के जरूरतमंद बुजुर्गों के लिए एक ऐसा स्थान हो जहाँ उन्हें परिवार जैसा वातावरण मिल सके। इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए उन्होंने संस्था का पंजीयन कराया और एक वर्ष पूर्व वरिष्ठजन सेवा सदन की शुरुआत की। पूर्व में भी इन्हें 3 वर्षों तक बुजुर्गों की सेवा का खासा अनुभव रहा है। महिला दिवस के अवसर पर उषा साहू का यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया है। उनकी सेवा भावना यह संदेश देती है कि यदि समाज के लोग मिलकर पहल करें तो बेसहारा बुजुर्गों के जीवन में भी खुशियों और सम्मान की नई रोशनी लाई जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### आंबा कार्यकर्ता और सहायिका भर्ती के लिए आवेदन 20 मार्च तक

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कुरूद के तहत नगर पंचायत कुरूद के वार्ड क्रमांक 15 वंदेमातरम्‌ वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-16 में कार्यकर्ता और मरौद सेक्टर के ग्राम पंचायत भाठागांव स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-01 में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए 20 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कुरूद ने बताया कि संबंधित वार्ड अथवा ग्राम की निवासी महिला इन पदों पर भर्ती के लिए आवेदन कर सकती हैं।

### प्रताप सिंह अध्यक्ष व देवानंद सेन सचिव बने

**नगरी।** श्रीवास सेन समाज क्षेत्र नगरी-सिहावा अंतर्गत उपक्षेत्र कांकेर, बस्तर, बिंद्रानवागढ़ एवं रायघर की महासभा का आयोजन ग्राम हरदीभाट स्थित सामाजिक भवन में हुई। पदाधिकारियों ने समाज के विकास और संगठन को मजबूत बनाने पर अपने विचार रखे। सचिव द्वारा समाज की आय-व्यय का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत किया गया। पिछली कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद उसे भंग करते हुए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष प्रताप सिंह सुरेशा (बिरनपुर), उपाध्यक्ष कृष्णा सेन (धनोरा), सचिव देवानंद सेन (देवपुर), कोषाध्यक्ष विष्णु सेन, संरक्षक मंडल भानेंद्र सिंह सुरेशा (बिरनपुर), उदयलाल सेन (राजपुर), संगठन मंत्री धर्मेंद्र सेन (बोराई) बनाए गए।

# शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रलय थिटे ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत मचेवा की सरपंच प्रमिला संजय ध्रुव तथा नगर पालिका महासमुंद के उपाध्यक्ष देवीचंद राठी उपस्थित रहे। साथ ही जनभागीदारी समिति के सदस्य उमेश भारती गोस्वामी, वंदना सेन, भागवत जगत धूमिल, भामिनी पोखन चंद्राकर, संदीप घोष, गोविंद सिंह ठाकुर, केके ध्रुव तथा अन्य गणमान्य नागरिक भी समारोह में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं छत्तीसगढ़ राज्य गीत के साथ हुआ। इसके पश्चात बी.कॉम. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा मनमोहक स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शीलभद्र कुमार ने स्वागत उद्बोधन देते हुए महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल उपलब्धियों का विस्तृत उल्लेख करते हुए संस्थान में व्याप्त विभिन्न समस्याओं से भी अतिथियों को अवगत कराया। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रलय थिटे ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि किसी भी समाज की प्रगति का आधार शिक्षा और संस्कार होते हैं। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का सशक्त साधन है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित ग्राम पंचायत मचेवा की सरपंच प्रमिला संजय ध्रुव ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि आज के समय में बेटियों की शिक्षा समाज के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि जब बेटियां शिक्षित और आत्मनिर्भर बनती हैं, तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज




के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जो समाज में समानता, जागरूकता और आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने विशेष रूप से स्त्री शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में बेटियां शिक्षा, विज्ञान, खेल, प्रशासन तथा विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। ऐसे में समाज और परिवार का यह दायित्व है कि वे बेटियों को आगे बढ़ने के लिए हर संभव अवसर और सहयोग प्रदान करें। उन्होंने महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्राप्त शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धियां न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। विधायक सिन्हा ने कहा कि महाविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर अधोसंरचना और सुविधाओं का विकास अत्यंत आवश्यक है, ताकि छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे तथा महाविद्यालय के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने छात्राओं को निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

महाविद्यालय में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रमुख रूप से योगेश्वरी साहू (जेआरएफ/नेट उत्तीर्ण) सहित दिव्यानी सोनवानी, कावेरी साहू, वेदिका चंद्राकर, नीलम लहरी, किरण साहू, जयश्री ध्रुव, यशोदा साहू, मोहिनी साहू आदि छात्राओं को खेल एवं अन्य विधाओं में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एक नई पहल के रूप में अतिथि व्याख्याता गुप्तेश नामदेव एवं उनके साथियों द्वारा स्व राजेंद्र सोनी की स्मृति में महाविद्यालय को लेक्चर स्टैंड भेंट किया गया। साथ ही छात्रा दिव्यानी सोनवानी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोकसंस्कृति एवं जनजातीय संस्कृति पर आधारित आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए, जिनकी दर्शकों ने सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की रोजगार मार्गदर्शन समिति के तत्वावधान में प्रभारी ओंकार प्रसाद साहू द्वारा ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। समारोह का मंच संचालन भूगोल विभागाध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल एवं हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक ओंकार प्रसाद साहू द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सरस्वती वर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शीलभद्र कुमार के निर्देशन में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. सरस्वती वर्मा, ओमप्रकाश पटेल, डॉ. मनोज कुमार शर्मा, श्वेतलाना नांगल, अजय कुमार श्रीवास, ओंकार प्रसाद साहू, जगदीश प्रसाद खटकर, वंदना यादव, कविता गहीर, अरविंद साहू, खगेश्वर नवरंगे सहित अतिथि व्याख्याताओं, जनभागीदारी शिक्षकों एवं महाविद्यालयीन अशैक्षणिक स्टाफ डॉ. लोकनाथ तारक, गुप्तेश नामदेव, उमा साहू, डॉ. चित्रलेखा साहू, डॉ. हेमेंद्र साहू, डॉ. संजय कुमार वर्मा, दुलामनी रौतिया, प्रेरणा कापसे, पूजा साहू, चमन आडिले, संतराम मन्नाडे, रामकृष्ण साहू, अश्वनी कुमार लोधी, अहिल्या लहरे, मनीष कुमार बंजारे, विनोद बंजारे, कामीन निषाद तथा समस्त छात्राओं ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# महिला दिवस पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सीमा चंद्राकर सम्मानित



**पिथौरा (ग्रामीण)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग महासमुंद द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों और क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सैकड़ों महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह सहित अन्य अतिथियों ने चयनित महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।

इसी क्रम में पिथौरा विकासखंड के संस्कार शिक्षण संस्थान पिथौरा की संचालिका सीमा गौरव चंद्राकर को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह तथा अन्य अतिथियों के हाथों प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि सीमा चंद्राकर पिछले कई वर्षों से संस्कार शिक्षण संस्थान पिथौरा का संचालन कर रही हैं। उनके द्वारा हजारों बच्चों को निशुल्क कौशल प्रशिक्षण, पर्सनालिटी डेवलपमेंट तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। इसके माध्यम से उन्होंने अनेक बेटियों और महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। उनकी इस उपलब्धि और सामाजिक योगदान को देखते हुए उन्हें अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने सीमा चंद्राकर द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रयासों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

# रावनगुड़ा में यादव समाज ने मनाया होली मिलन

- कोसरिया यादव समाज ने बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिर्री



ग्राम रावनगुड़ा में कोसरिया यादव समाज कोकड़ी पाली की समाजिक बैठक व होली मिलन कार्यक्रम हुआ। यादव समाज ने बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की। होली मिलन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। होली गीत गाते हुए नगाड़ा बजाकर खूब नाचे।

मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप यादव खर्रा, संरक्षक कृपाराम यादव नारी, संरक्षक कुमार यादव रावनगुड़ा, युवा अध्यक्ष यशवंत यादव कोकड़ी, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव संकरी, सचिव होरी यादव कोकड़ी, पंच रोहित यादव खर्रा, नारायण यादव रावनगुड़ा, विजय रावनगुड़ा, समाज सेवक टुमेश यादव दर्रा, सदस्य त्रिलोक यादव, विजय यादव, शांतनु यादव, धर्मेंद्र यादव, टिकेश्वर यादव, ईश्वर, ईशु, परस, नागेश यादव, फनीष यादव शामिल हुए।

# क्षेत्र में होली शांतिपूर्ण मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मगरलोड



रंगों का पर्व होली क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मनाई गई। लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर पर्व की बधाई दी।

- नगाड़ों की थाप में युवा थिरके

कई गांवों में 2 मार्च की रात्रि में होलिका दहन किया गया। कई गांवों में 3 मार्च को होली जलाई गई। 4 मार्च को लोग रंगों से सराबोर थे। सुबह से ही बच्चे, युवा रंग गुलाल खेलते नजर आए। ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड सहित भैंसमुंडी, राजपुर, सरगी, सोनेवारा, पहंदा, भोथा, बोरसी, लड़ेर, मोहंदी, बेलोरा, सौनपैरी, बनियातोरा, करेली छोटी, मेघा, अरौद, सौंगा, हरदी, बेलौदी, सांकरा, भोथीडीह, रांकाडीह, कुंडेल, खैरझिटी मोतिमपुर, खिसोरा, हसदा, करेली बड़ी, दमका, मोहरेंगा में होली शांतिपूर्ण ढंग से मनाई गई। नगाड़ों की थाप में युवा थिरकते नजर आए। होली गीतों पर खूब गुलाल उड़े। घरों में महिलाएं ठेठरी, खुरमी, पूड़ी, बड़ा, मीठे पकवान बनाने में व्यस्त रही। शाम को कई गांवों में रहस निकाली गई।

# प्रबंध निदेशक कंवर ने कहा- सरायपाली में जल्द बनाया जाएगा नया उच्चदाब विद्युत उपकेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



जिले के सरायपाली संभाग के अंतर्गत आरंगी विद्युत उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि की गई। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने उपकेंद्र में अधिक क्षमता के नए ट्रांसफार्मर को बटन दबाकर प्रारंभ किया। 33/11 केवी के आरंगी उपकेंद्र की क्षमता अब 3.15 एमवीए से बढ़कर 5 एमवीए हो गई है। इससे पहले कंवर ने सरायपाली संभाग के अंतर्गत राजपालपुर में 132/ 33 केवी के प्रस्तावित नए उच्चदाब उपकेंद्र के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास कार्यों के कारण विद्युत मांग भी बढ़ी है ऐसे में इस नए उच्च दाब उपकेंद्र को दो साल के अंदर पूरा किया जाना है। कंवर ने काम में तेजी लाने तथा उपकेंद्र को जल्द पूरा करने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान कार्यपालक निदेशक जे एस नेताम भी मौजूद थे।

आरंगी में उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि के अवसर पर उपस्थित उपभोक्ताओं एवं स्थानीय जनप्रतिधियों को संबोधित करते हुए एमडी कंवर ने बताया कि अब पथरला और आरंगी वितरण केंद्रों के उपभोक्ता सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि इस उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले 5 फीडर के 17 गांवों के 2000 उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी और बिजली की आपूर्ति अधिक स्थिर होगी। इस अवसर पर स्थानीय सरपंच भोजराज प्रधान ने एमडी कंवर का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि क्षेत्र में वोल्टेज की समस्या होने के संबंध में सूचित किया गया था जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो दिन में ही उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि की गई।

कंवर ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्पष्ट निर्देश है कि प्रदेशभर में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार गर्मी के दिनों में विद्युत की संभावित मांग वृद्धि के अनुरूप सभी तैयारियों को सुनिश्चित किया जा रहा है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने उपभोक्ताओं से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार बहुत बड़ा अनुदान इस योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को दे रही है जिसका अधिकतम लाभ आमजन अवश्य लें। इस दौरान अधीक्षण अभियंता वाय के मनहर, कार्यपालन अभियंता महेश नायक, टी के पटेल समेत क्षेत्रीय उपभोक्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सिन्हा समाज भवन के विस्तार को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



शहर के रत्नाबांधा रोड स्थित नेहरू गार्डन के पास बने सिन्हा समाज भवन के विस्तार का रास्ता साफ हो गया है। समाज भवन में अतिरिक्त कक्ष और शेड निर्माण के लिए कुल 30 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा 20 लाख रुपये तथा नगर निगम की ओर से 10 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है।

बताया गया कि हाल ही में आयोजित सिन्हा समाज के पारिवारिक मिलन समारोह में प्रभारी मंत्री और महापौर रामू रोहरा शामिल हुए थे। उसी दौरान समाज भवन में अतिरिक्त सुविधाओं की मांग रखी गई थी, जिस पर सकारात्मक पहल करते हुए निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत कर दी गई।

महापौर रामू रोहरा ने स्वीकृति के बाद नगर निगम के इंजीनियरों को स्थल का निरीक्षण कर समाज की आवश्यकता के अनुसार निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भवन में होने वाले सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध हो सके।

राशि स्वीकृत होने की जानकारी मिलने के बाद सिन्हा समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि नए कक्ष और शेड बनने से समाज के कार्यक्रमों के आयोजन में काफी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर मंडलेश्वर संतोष सिन्हा, टिकेन्द्र गजेन्द्र, शेखर सिन्हा, प्रेम मगेन्द्र, हेमशंकर सिन्हा, दीपक गजेन्द्र, वामन सिन्हा, हितेन्द्र कटझरे, रामकुमार सिन्हा सहित समाज के कई सदस्य उपस्थित थे।

### राजाबाड़ा में होली दहन एवं फाग गीत का हुआ आयोजन

# प्रेम और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया होली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी





नगर व्यवस्था समिति के तत्वावधान में राजा बाड़ा चौक एवं नगर के विभिन्न वार्डों पर में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर होली दहन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई। समस्त देवी-देवताओं का पूजन कर नगरवासियों की सुख-समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई।

इसके पश्चात स्वच्छ, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक वातावरण में होली फाग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंग, अबीर-गुलाल और पारंपरिक फाग गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण बन गया। फाग गीतों की मधुर धुन पर नगरवासी झूमते हुए नजर आए।

नगर व्यवस्था समिति के अध्यक्ष नंद यादव ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक एकता, भाईचारा एवं पारंपरिक संस्कृति को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष दुलेश्वर गौर, सहदेव साहू, ईश्वर साहू, दीनदयाल, हेमलाल सेन, हरीश सरवा, धर्म निषाद, सचिव दीपेश निषाद, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद साहू, सह सचिव सुरेश साहू, अशोक पटेल, नोहर साहू, नरेंद्र नाग सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

अगले दिन बुधवार को नगर पंचायत द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल तिलक लगाकर गले लगाया। डीजे की धुन पर रंग-गुलाल के साथ लोग नाचते-गाते नजर आए। पूरे नगर के साथ गांव-गांव में होली का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस,पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पूर्व नगर अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, कमल डागा, पूर्व नगर उपाध्यक्ष अजय नाहटा, नगर उपाध्यक्ष विकास बोहरा, महामंत्री रूपेंद्र साहू, गोलू मंडावी, पार्षद राजा पवार, शंकर देव, नरेश पटेल, देवचरण, श्री बनपेला, श्री तिवारी, रामगोपाल साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नगर पंचायत के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। पर्व को देखते हुए चौक-चौराहों पर पुलिस मुस्तैद थी।

# महापौर ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए किया रवाना






हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

पीएम श्री मेहतरूराम धीवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बठेना के छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को रायपुर के लिए रवाना किया।

विद्यालय के कक्षा छठवीं से ग्यारहवीं तक के लगभग 390 छात्र-छात्राओं को आठ बसों के माध्यम से शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा गया। भ्रमण के लिए रायपुर का चयन किया गया, जहां विद्यार्थी ऊर्जा पार्क, आदिवासी संग्रहालय और पुरखौती मुक्तांगन जैसे महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन करेंगे। इस भ्रमण के दौरान छात्र सांस्कृतिक विरासत, विज्ञान, खेल और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी जानकारी प्राप्त करेंगे तथा सौर, पवन और जल विद्युत ऊर्जा के वर्किंग मॉडल को भी समझ सकेंगे।

इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष विनय जैन, पार्षद भारती साहू, समिति सदस्य राजीव चन्द्राकर एवं मिथिलेश सिन्हा ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के महत्व के बारे में बताया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

यह शैक्षणिक भ्रमण संस्था के प्राचार्य रविन्द्र कुमार साहू के मार्गदर्शन तथा शिक्षकों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

## खबर संक्षेप

### हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं महिलाएं : पूजा

**धमतरी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर युवा मोर्चा जिला कन्या शक्ति की संयोजिका पूजा यादव ने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनकी शक्ति, साहस व समर्पण समाज को नई दिशा दे रहा है। आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति, तकनीक और सामाजिक क्षेत्र सहित हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाएं स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। लखपति दीदी योजना और महतारी वंदन योजना जैसी योजनाएं भी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ड्रोन दीदी जैसी पहल से महिलाएं आधुनिक तकनीक अपनाकर खेती से जुड़ी सेवाएं देकर सम्मानजनक आय अर्जित कर रही हैं।

### खपरी को मिली विकास की सौगात

**धमतरी।** जनपद पंचायत धमतरी क्षेत्र क्रमांक 14 अंतर्गत ग्राम खपरी में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए 39 लाख रुपये के चार महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को स्वीकृति मिली है। जनपद पंचायत के सभापति अग्रवाल (अमन) साहू ने बताया कि इन कार्यों से गांव में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। गांधी चौक के समीप 1500 वर्गफीट क्षेत्र में 10 लाख रुपये की लागत से कांक्रीटीकरण कर चौक का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। द्वारिका साहू के घर से सुरेंद्र साहू के खेत की ओर 12 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण होगा। इसके अलावा सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों के लिए नए कक्ष निर्माण हेतु 7 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

# किसानों का करीब पौने 4 करोड़ भुगतान नहीं, मुख्यमंत्री साय से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

सिकंदराबाद तेलंगाना के कावेरी बीज कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ के 133 किसानों एवं मजदूरों के साथ किये गए धोखाधड़ी और किसानों मजदूरों को भुगतान नहीं मिलने से आठ महीने से परेशान किसानों का प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को चंद्राकर समाज के कार्यक्रम में परागॉव पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भुगतान प्रदान कराने आवश्यक कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपा।

गौरतलब है कि वर्ष 2024–25 के रबी सीजन में कावेरी बीज कंपनी सिकंदराबाद तेलंगाना द्वारा किसानों की भूमि लीज (रेग) पर लेकर बीज उत्पादन कराया गया, मजदूरों



से कड़ी मेहनत कराई गई, मशीनरी का उपयोग कराया गया लेकिन आज तक मेहनताना और लीज राशि का भुगतान नहीं किया गया।

कुल बकाया मूल राशि 3,23,26,388 और मजदूरों का मेहनताना 789500 रुपए है जिसका जुलाई 2025 से फरवरी 2026 तक 2% मासिक ब्याज जोड़ने पर कुल बकाया राशि 3,8414430 हो चुकी है।

प्रतिनिधि मंडल में शामिल महासमुंद जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर जुगनू चंद्राकर, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत ) छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही, प्रभावित किसानों कृष्ण कुमार चंद्राकर, रोशन चंद्राकर, भीखम चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, प्रवीण चंद्राकर आदि ने कहा कि यह केवल आर्थिक मामला नहीं है, यह किसानों और मजदूरों की मेहनत, सम्मान और जीवन से जुड़ा प्रश्न है। भुगतान न मिलने के कारण कई परिवार कर्ज में डूब चुके हैं, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित है, और आजीविका संकट में है। शासन-प्रशासन से बार-बार निवेदन करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की



### चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के अधिवेशन में दीपक चंद्राकर हुए सम्मानित

**महासमुंद।** दो दिवसीय चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज अधिवेशन के अवसर पर आरंग के पारागांव में समाज के प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान महासमुंद के दीपक चंद्राकर को सिविल जज बनने की उपलब्धि पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दीपक चंद्राकर को मंच पर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री गुरु खुशवंत साहब, दुर्ग विधायक ललित चंद्राकर, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी मौजूद रहे। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि दीपक चंद्राकर की यह उपलब्धि पूरे समाज और जिले के लिए गौरव का विषय है। उनकी सफलता से युवाओं को शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरणा मिलेगी। समाज के पदाधिकारियों ने भी दीपक चंद्राकर को बधाई देते हुए कहा कि समाज के युवाओं की ऐसी उपलब्धियां समाज की प्रगति का प्रतीक हैं।

## रोजगार दिवस के दिन आवास दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बसना

राज्य सरकार के निर्देश के तहत ₹रोजगार दिवस₹ के दिन ₹आवास दिवस₹ का भी आयोजन सभी ग्राम पंचायतों में किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत गौरटेक तथा पुरुषोत्तमपुर में चल रहे मनरेगा के कार्य स्थल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीयूष सिंह ठाकुर द्वारा ग्रामीणों को रोजगार, आवास एवं आजीविका से संबंधित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को विकसित भारत – राम जी गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना की जानकारी दी गई। बताया गया कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अब ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों की रोजगार गारंटी उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, सिंचाई, भू-जल पुनर्भरण, तथा वाटरशेड विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ लिया जाएगा, जिससे एक ओर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तो दूसरी ओर प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा। साथ ही प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को समय-सीमा के भीतर निर्माण पूर्ण करने अप्रारंभ आवास को जल्द-जल्द से प्रारंभ करने बोला गया।

# प्रधानमंत्री मोदी के वेबिनार का देखा सीधा प्रसारण

## क़ृषि एवं ग्रामीण परिवर्तन विषय पर संबोधित कर रहे थे पीएम मोदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

ग्रामीण क़ृषि साख सहकारी समिति चरौदा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'कृषि और ग्रामीण परिवर्तन' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार का सीधा प्रसारण केंद्र कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर समिति के कर्मचारियों के अलावा प्रगतिशील किसानों तथा ग्रामीणो ने वेबिनार को ध्यानपूर्वक सुना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 के बाद सरकार का प्रमुख लक्ष्य बजट में घोषित योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करना है। उन्होंने बताया कि इस उद्देश्य से चार प्रमुख क्षेत्रों कृषि, पशुपालन एवं डेयरी,



मत्स्य पालन और ग्रामीण आजीविका को केंद्र में रखते हुए आठ वेबिनार सत्र आयोजित किए जा रहे ताकि नीति निर्माण और क्रियान्वयन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सके। पीएम के वेबिनार का सीधा प्रसारण अधिकारी कर्मचारियों समेत किसानों द्वारा देखा गया।

जा रहे हैं, ताकि नीति निर्माण और क्रियान्वयन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सके।

इस अवसर पर बताया गया कि केंद्रीय बजट 2026-27 में कृषि क्षेत्र के लिए 1, 62, 671 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वर्ष के संशोधित अनुमान से लगभग 7 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि कृषि और ग्रामीण विकास के प्रति सरकार की प्राथमिकता को दर्शाती है।

कार्यक्रम के अंत में ग्रामीण कृषि साख सहकारी समिति के प्रबंधक जयप्रकाश साहू ने कहा कि इस प्रकार के वेबिनार किसानों, वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम हैं, जिससे कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों और योजनाओं के क्रियान्वयन को गति मिलेगी। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों की सक्रिय सहभागिता रही।

### संकुल केंद्र देवरी में प्राचार्य एवं समन्वयक के मार्गदर्शन में समीक्षा बैठक



**बागबाहरा।** संकुल प्राचार्य डोमन सिंह टंडन एवं संकुल समन्वयक देवरी मनोज चक्रधारी के मार्गदर्शन में संकुल स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित किया गया जिसमें संकुल के समस्त संस्था प्रमुख उपस्थित हुए। संकुल समन्वयक मनोज चक्रधारी द्वारा सभी स्कूलों से वन टू वन चर्चा किया गया। छात्रवृत्ति में लंबित शालाओं को शीघ्र पूर्ण करने निर्देशित किया गया। वार्षिक परीक्षा की तैयारी की समीक्षा की गई। नामिनल रोल हेतु जन्मतिथि आदि को दाखिला रजिस्टर से मिलान किया गया। एमबीयू पेंडिंग शालाओं में आगामी दिवस के शिविर में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया। जाति प्रमाण पत्र एवं अपार आई डी हेतु शिक्षकों को निर्देशित किया गया। इसी तरह अंत में डोमन सिंह टंडन संकुल प्राचार्य द्वारा विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बैठक में मुख्य रूप से बलराम चंद्राकर, मीनालाल साहू, हुमेलाल साहू, दीपक साहू, भागवत टंडन, कंचन जांगड़े, मधु कुमार साहू, नेतराम साहू, पूरन सिंग बघेल, धनसिंग सिन्हा, भावसिंह ध्रुव, बेदबाई ठाकुर उपस्थित थे।

# कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व टीम गई पूर्व सरपंच के खेत पर, कार्रवाई को बताया अवैधानिक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलसोंडा के पूर्व सरपंच के खेत में हुई अतिक्रमण हटाओ की कार्रवाई के संबंध में कलेक्टर ने तुरंत संज्ञान लेते हुए राजस्व टीम को पुराने अभिलेख के साथ नापजोख करने मौका जांच पर भेजा। पोखन चंद्राकर ने बताया कि इस आदेश के परिपालन में राजस्व निरीक्षक मनीष श्रीवास्तव ने पुराने अभिलेख से मिलान करते हुए नक्शे एवं बी वन के आधार पर की गई कार्रवाई को अवैधानिक बताया।

पोखन के अनुसार राजस्व निरीक्षक के साथ हल्का पटवारी राजकुमार पवार तथा कोतवाल नरेश चौहान ने मौका जांच में पाया कि शासकीय भूमि खसरा नंबर 1661 जो कि मात्र 15 डिसमिल है का साबिक नंबर 398 है तथा कृषक पोखन चंद्राकर की भूमि का साबिक नंबर 401 है तथा भू अभिलेख शाखा की सत्यापित प्रति के अनुसार दोनों खसरे में अंतर है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई खसरा नंबर 398 (1661) में होनी चाहिए थी लेकिन पंचायत की लापरवाही के कारण कृषक की जमीन क्रो बर्बाद कर दिया गया है। पोखन चंद्राकर के अनुसार राजस्व निरीक्षक ने बताया कि इस कार्रवाई में राजस्व विभाग का कोई आदेश



नहीं था, इसलिए हमने पंचनामा में हस्ताक्षर नहीं किया है। चंद्राकर ने ज़ब इस लापरवाही की क्षतिपूर्ति के बारे में पूछा तो राजस्व निरीक्षक ने बताया कि पंचायत ही जिम्मेदार है, क्षतिपूर्ति पंचायत देगी। चंद्राकर ने बताया कि 20 फरवरी क्रो उच्च न्यायालय से स्थगन आने के बाद भी पंचायत द्वारा उच्च न्यायालय की अवमानना करते हुए दीवार निर्माण कार्य जारी रखा गया है।

### नायब तहसीलदार ने कोर्ट टिकट लगे आवेदन पर कोई संज्ञान नही लिया

चंद्राकर ने पंचायत की मंशा क्रो भांपते हुए अवैधानिक कार्रवाई के 22 दिन पूर्व ही न्यायालय नायब तहसीलदार महासमुंद को समस्त दस्तावेज के साथ पंचायत की कार्रवाई पर स्थगन देने का निवेदन किया गया था परंतु नायब तहसीलदार ने कोर्ट टिकट लगे आवेदन पर कोई संज्ञान नहीं लिया। चंद्राकर ने यह भी बताया कि उक्त स्थल की आसपास की शासकीय जमीन पर वर्तमान में कई लोगों पर नाम चढ़ गया है जिसके कारण राजस्व विभाग उस स्थल का वास्तविक नापजोख न करके मनगढंत सीमांकन रिपोर्ट प्रस्तुत कर देता है।

# 9,450 करोड़ की सड़क परियोजना से विकास को मिलेगी नई गतिः निधि लोकेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़ में लोकनिर्माण विभाग के

- गांव और शहर के बीच मजबूत होगी कनेक्टिविटी, सरकार के

माध्यम से 9, 450 करोड़ की लागत से नई सड़कों के निर्माण और सड़क सुधार कार्यों के लिए किए गए प्रावधान का स्वागत करते हुए समाजसेवी निधि लोकेश चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में सड़कों के विकास से गांव और शहर के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी, जिससे आम जनता को आवागमन में सुविधा मिलेगी और व्यापार, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं हमारे वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में लगातार



महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। यह पहल प्रदेश के आर्थिक विकास और निवेश को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। चंद्राकर ने विश्वास व्यक्त किया कि नई सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों का तेजी से विकास होगा और प्रदेश प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा।

# सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन विकासखंड महासमुंद के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम गुरुनानक सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष दिशारामस्वरूप दीवान उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर एवं जिला पंचायत सदस्य देवकी प्रकाश धरम पटेल ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच ग्राम पंचायत झलप राकेश साहू जनपद सदस्य सीटू सलूजा, सृष्टि मोहित ध्रुव, कौशल्या ठाकुर, पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत ललिता अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि शम्मी सलूजा, विजयलक्ष्मी सिदार प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलप, जिलाध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ दीपाली वर्मा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श, ब्लॉक महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुनिया निर्मलकर, ब्लॉक अध्यक्ष बाबू लाल ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पण कर किया गया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में शिक्षिकाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे मटका फोड, ऊंची कूद, कुर्सी दौड़, बलून फोड़ की प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली सभी प्रतिभागी महिला खिलाड़ियों को अतिथिगयो के द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसने अलग अलग जोन से महिला शिक्षकों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमे प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य झलप से सीमा यादव एवं उनकी टीम ने प्रस्तुति दी। सिरपुर जोन की तरफ से शशि मरकाम एवं उनके साथियों द्वारा सामूहिक छत्तीसगढ़ी नृत्य तथा पटेवा जोन से मीरा सिंग मेडम एवं उनकी टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।



कार्यक्रम में झलप पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति नृत्य भी प्रेरणादायक रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष दिशारामस्वरूप दीवान ने कहा कि महिला दिवस पर शिक्षक संगठन के द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम का आयोजन अनुकरणीय है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य देवकी प्रकाश धरम पटेल ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए महिलाओं की भूमिका सबसे अहम है। आज हर क्षेत्र शिक्षा स्वस्थ खेल सब में महिलाओं ने अपनी अलग पहचान बनाई है। जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर ने कहा कि हमे गर्व है अपने देश की विरासत पर जो तीन तीन बार एक महिला को देश का प्रधानमंत्री बनने का अवसर प्रदान करता है आयरन लेडी स्व इंदिरा गांधी एक बड़ा उदाहरण हमारे सामने है जब जब महिलाओं को महती जवाबदारी महिलाओं के कांधे में दी गई वह उस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से पूरा करती आई है और पूरा करती रहेंगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि शम्मी सलूजा ने कहा कि भारत भूमि में महिला की हमेशा अहम भूमिका रही है चाहे चंद्रमा में पहुंचने वाली कल्पना चावला हो या जमीन में दौड़कर भारत को सम्मान दिलाने वाली पीटी उषा हो जमीन से लेकर आसमान तक अगर किसी ने देश का मान बढ़ाया वह नारी शक्ति ही रही है।

जनपद सदस्य सृष्टि ध्रुव ने कहा कि जहां जहां शिक्षा का विकास हुआ बालिका पढ़ी वहां वहां महिलाओं द्वारा इतिहास रचा गया आज हमें सबसे अधिक बल बालिकाओं की शिक्षा में देने की जरूरत है क्योंकि बालिका पढ़ेगी इतिहास गढ़ेगी।

जनपद सदस्य कौशल्या ठाकुर ने कहा कि महिलाओं की योग्यता का केवल एक दिन में नहीं बांधा जा सकता हर दिन महिलाओं का है जब जब महिलाओं को जवाबदारी मिली उसमें वह हर बार कामयाब रही चाहे वह देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी के लिए ऑपरेशन सिंदूर हो या खेल के मैदान में ओलंपिक का गोल्ड मेडल लाने की जवाबदारी हो। हर जिम्मेदारी में नारी ने अपनी अलग पहचान बनाई है।

कार्यक्रम को ग्राम पंचायत झलप के सरपंच राकेश साहू ने संबोधित करते हुए शुभकामना दिया इस अवसर पर फेडरेशन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ दीपाली वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मुनिया निर्मलकर ब्लॉक अध्यक्ष बाबू लाल ध्रुव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी शिक्षकों को अतिथिगणों के हाथों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन ब्लाक मीडिया प्रभारी लुकेश ध्रुव ने किया आभार प्रदर्शन ब्लॉक सचिव लव निर्मलकर ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से नूतन दुबे, रेखा कन्नौजे, निहारिका चंद्राकर, पायल तिवारी, मनीषा ध्रुव, पार्वती ठाकुर, मनीषा ठाकुर, शशि मरकाम, सीमा ध्रुव, गायत्री ठाकुर, अंजुम शेख, सुनीता ध्रुव, कामिनी सोरी, सुमन ध्रुव, लोमीन साहू, दुलारी चंद्राकर, आत्माराम साहू, पुरुषोत्तम चंद्राकर, अजय बंजारे, डिगेश पुरैना, गोपाल साहू, के आर सोनवानी, मुकेश बैस, कमलेश पटेल, बलराम नेताम, नीलकंठ यादव, भूषण साहू, योगेश निर्मलकर एवं फेडरेशन के समस्त पदाधिकारी शिक्षकगण उपस्थित थे।

## कुंदकेश्वर महादेव मंदिर में धूमधाम से मना होली मिलन समारोह, भजनों की थाप पर थिरके श्रद्धालु



**महासमुंद।** शंकर नगर स्थानीय शंकर नगर स्थित कुंदकेश्वर महादेव मंदिर में प्रेम और सद्भावना का पर्व होली बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार रात होलिका दहन के साथ हुई। पौराणिक मान्यताओं का स्मरण करते हुए बताया गया कि किस प्रकार प्रभु भक्ति में लीन बालक प्रहलाद को मारने के उद्देश्य से होलिका उन्हें गोद में लेकर अग्नि में बैठी थी, किंतु ईश्वर की कृपा से प्रहलाद सकुशल रहे और होलिका दहन हो गया। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए उपस्थित जनों ने अपनी बुराइयों को अग्नि में समर्पित कर आपसी प्रेम और सद्भावना से रहने का संकल्प लिया। अगले दिन धुलेंडी पर मंदिर प्रांगण में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। मोहल्ले के सभी लोग एक स्थान पर एकत्रित हुए और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। नगाड़ों की थाप और मधुर भजनों के बीच महिलाओं और बच्चों ने जमकर नृत्य किया और उत्सव का आनंद लिया।



कार्यक्रम : महिला दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली 100 महिलाओं को किया गया सम्मानित

# आज हर क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता बढ़ रही है : विधायक योगेश्वर सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा "हम हैं शक्ति, हम हैं नारी" थीम पर स्थानीय शंकराचार्य भवन में महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े, पार्षद पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, ईश्वरी भोई, रमेश साहू, संदीप घोष, साजन यादव, धर्मेन्द्र महोबिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि पूरे विश्व में भारत को माता का दर्जा दिया गया है और देश में छत्तीसगढ़ को महतारी कहा जाता है। यह गर्व की बात है कि सन 1955 में छत्तीसगढ़ से मिनीमाता लोकसभा की पहली महिला सदस्य बनीं। आज वर्तमान सांसद रूपकुमारी चौधरी भी महिला है और राज्य सभा में लक्ष्मी वर्मा जाने वाली है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भी महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। पंचायतों में 50 प्रतिशत महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं और महासमुंद जनपद में 25 में से 19 सीटों पर महिलाएं निर्वाचित हुई हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं लखपति दीदी बनकर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं और हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही हैं। उन्होंने बेटियों की शिक्षा पर विशेष बल देते हुए रानी दुर्गावती योजना का उल्लेख किया, जिसके तहत बेटी के 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 1 लाख 50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।





## महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित

कलेक्टर विनय लंगेह ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। महिलाओं को एक ही छत के नीचे सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शासन प्रतिबद्ध है। जनपद सदस्य विजयलक्ष्मी जांगड़े ने कहा कि महिलाएं समाज की वास्तविक शक्ति हैं। वे मां, बहन और पत्नी के साथ-साथ समाज के प्रति भी अपने दायित्वों का निर्वहन करती हैं। उन्होंने महिलाओं से अपने सपनों को जीवित रखने और संघर्ष से पीछे न हटने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. अभिलाषा ने महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एनीमिया, बुखार जैसी समस्याओं को हल्के में न लें और सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन अवश्य लगवाएं। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ मां ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकती है।

कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन, शिक्षा, पंचायत, वन, स्वास्थ्य तथा पुलिस विभाग सहित विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 100 से अधिक महिला अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी टीकवेंद्र जटवार, परियोजना अधिकारी शैल नाविक, पर्यवेक्षक अपर्णा श्रीवास्तव, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान बस्तर में आयोजित मुख्यमंत्री महतारी वंदन वृहद सम्मेलन का सीधा प्रसारण भी उपस्थित लोगों द्वारा सुना गया।

### महिलाएं हो रहीं आत्मनिर्भर

जनपद पंचायत अध्यक्ष दिशा दीवान ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। आजीविका मिशन के माध्यम से लाखों महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और कई महिलाएं लखपति दीदी बनकर नई पहचान बना रही हैं।

नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से महिलाएं सशक्त हो रही हैं। सक्षम योजना के माध्यम से महिलाओं को ऋण की सुविधा मिल रही है तथा जिले में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के पहल से महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नर्सिंग कॉलेज भी खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हाथों में कला और हुनर है, जिसे पहचानकर आगे बढ़ाना चाहिए।

# लोहारडीह में मची महिला दिवस की धूम



**महासमुंद।** महिला उत्थान एवं हित में सक्रिय उड़ान समाजसेवी संस्था द्वारा संस्था की संस्थापिका डॉ अनिता जी रावटे के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ ग्राम लोहारडीह में मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, समाज सेवी डॉ. एकता लंगेह ने अपने उद्बोधन में महिलाओ को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि महिला की तरक्की से पूरा परिवार भी आगे बढ़ता है। उसके लिए महिलाओं को स्वयं होकर आगे आना होगा। मजबूत बनना होगा तभी परिवर्तन संभव है। डॉ एकता लंगेह ने महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रभावशाली तरीके से उनका मार्गदर्शन किया। प्रिया राजू योगेश्वर सिन्हा ने विशिष्ट अतिथि की आसंदी से महिलाओ का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि हम सबके सामने बहुत सारी आदर्श महिलाएं हैं, जिनके संघर्ष और समर्पण से प्रेरणा लेकर आप सब अपना अपने परिवार और गांव का विकास कर सकती है। उन्होंने उदाहरण सहित महिलाओं को आगे बढ़ने को प्रेरणा दी।

कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम में लोहारडीह कलस्टर की बालिकाओं एवं महिलाओं के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भाषण, कविता पाठ तथा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई जिसका महिलाओ में आनंद लिया। कार्यक्रम में गजरा बाई, झुमरी बाई, खोमीन, उषा, उमाबाई , हेमीन, रूखमणि, लता, सुकवारू, अमारीबाई के साथ समाज में महिला उत्थान के लिए कार्य करने वाली 21 महिलाओं को सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और शिक्षा के माध्यम से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रिया सिन्हा द्वारा तीन बेटियों को, जिनका विवाह होने वाला है, शादी का जोड़ा भेंट स्वरुप दिया गया।

# महिला सम्मान सम्मेलन में पूनम पटले सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 7 मार्च को शांत्री बाई महाविद्यालय में महिला शक्ति सम्मान सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूनम पटले को सिविल सर्विस योगासन चैंपियनशिप में नेशनल स्तर पर खेलकर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने, भारत योगासन प्रतियोगिता में नेशनल खेलने तथा अस्मिता खेलो इंडिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

## महिला शक्ति के सम्मान का दिन है महिला दिवस



**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाजसेवी निधि लोकेश चंद्राकर ने कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर नई ऊंचाइयां हासिल कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति त्याग, साहस और संस्कार का प्रतीक है। समाज की प्रगति तभी संभव है जब महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर मिले। महिला दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम हर बेटी को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सम्मान का

# महिला दिवस पर लाफिन कला में विविध आयोजन

## 31 महिलाओं और खेलकूद के प्रतिभागियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लाफिन कला में महिला जागरुकता हेतु युवा संगठन द्वारा महिला सम्मान व होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जागेश्वर चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्षता राधेश्याम साहू सरपंच, विशेष अतिथि महेंद्र साहू सभापति जनपद पंचायत महासमुंद, सुधा योगेश्वर चंद्राकर सभापति जनपद पंचायत महासमुंद रहे। इस अवसर पर महिलाओ के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। मटका फोड़ में आरती पटेल, कुर्सी दौड़ में प्रथम हेमीन पटेल, द्वितीय रेणुका साहू, तृतीय सेवती निषाद, फुगडी में प्रथम पूर्णिमा निषाद, द्वितीय सुशीला पटेल, तृतीय रेणुका साहू रहे। प्रश्न मंच में परमेश्वरी, रेणुका, केला खाओ, इनाम पाओ में हेमीन पटेल रहे। वहीं राधा-कृष्ण के वेशभूषा में बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए। वहीं अलग-अलग क्षेत्रों में विशेष योगदान के लिए 31 महिलाओं व महिला समूह को श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम के आयोजन व संयोजन में ग्राम पंचायत लाफिन कला के सरपंच राधेश्याम साहू, उपसरपंच भुपेंद्र साहू, पंचगण मोहित साहू, गुंजा हरीश साहू, कुश पटेल, मंदिर समिति अध्यक्ष नेतन पटेल, पूर्व उपसरपंच कमलेश साहू, शिक्षक गोवर्धन साहू, महेंद्र पटेल, पूर्व सरपंच हेमीन पटेल, पूर्व उपसरपंच डुमन लाल साहू, अवधेश साहू का विशेष सहयोग रहा।

संचालन गोवर्धन साहू ने किया। इस अवसर पर मितानिन श्याम बाई साहू, गुलाब साहू, सक्रिय महिला, रेणुका साहू, परमेश्वरी साहू, रीतु निषाद, सविता साहू, दीपाली साहू, दया पटेल, हरिराम साहू, मंदिर के पुजारी कृष्णकुमार वैष्णव, हेमूराम साहू, डाकेश साहू, पुरानिक साहू, झलक, यशवंत साहू, गैंद पटेल सहित बड़ी संख्या में महिलाओं व ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

# विधायक ने महिला दिवस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित, बोले-महिलाएं राष्ट्र का गौरव

## बसना में मातृ शक्ति का संगम: विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बढ़ाया महिलाओं का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- नारी शक्ति का सम्मान : बसना में विधायक डॉ . संपत अग्रवाल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का किया सम्मान
- महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम में मातृ शक्तियों का हुआ अभिनंदन,विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने बच्चों का कराया अन्नप्राशन

पूरे देश के साथ बसना में भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का पर्व हर्षोल्लास और गौरव के साथ मनाया गया। स्थानीय सर्व मांगलिक भवन में आयोजित इस गरिमामयी समारोह में क्षेत्र के विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के निर्माण में महिलाओं की अद्वितीय भूमिका को रेखांकित करना और उन्हें सम्मानित करना रहा। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ की। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय संस्कृति में नारी के पूजनीय स्थान का स्मरण करते हुए कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। आयोजन में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी-कर्मचारी और क्षेत्र की मातृ शक्तियां उपस्थित रहीं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इस विशेष अवसर पर विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समस्त कार्यकर्ताओं और उपस्थित मातृ शक्तियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें पौष्टिक आहार किट का वितरण किया, ताकि समाज में सुपोषण का संदेश प्रसारित हो सके। इसी कड़ी में एक भावुक और पवित्र क्षण तब आया जब विधायक डॉ. अग्रवाल ने नन्हे बच्चों को अपने हाथों से पहली बार खीर खिलाकर उनका 'अन्नप्राशन' संस्कारपूर्ण करवाया।

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इन मातृ शक्तियों का सम्मान करना मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात है। नारी केवल परिवार की धुरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास का आधार स्तंभ है। एक शिक्षित और सशक्त महिला पूरे परिवार और समाज को नई दिशा देती है। उन्होंने आगे जोर देते हुए कहा कि हमारी सरकार और मेरा व्यक्तिगत प्रयास हमेशा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में रहेगा। आज महिलाएं हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। हमें सुनिश्चित करना होगा कि हर बेटी को शिक्षा मिले और हर महिला सुरक्षित एवं सशक्त महसूस करे।



विधायक ने अपने संबोधन के अंत में कहा कि बसना विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक महिला के उत्थान के लिए मैं सदैव तत्पर हूँ। चाहे स्वास्थ्य की बात हो या स्वरोजगार की, हमारी मातृ शक्तियों को कभी पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आज का यह सम्मान समारोह आपके उसी अटूट साहस और समर्पण को एक छोटा सा नमन है।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, बसना जनपद अध्यक्ष डिलेश्वरी मिलाप निराला, जनपद उपाध्यक्ष मोहित पटेल, बसना नगर पंचायत उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, सभापति महिला एवं बाल विकास प्रकाश सिन्हा, बसना जनपद सभापति मधु प्रेम खूंटे, महामंत्री मंडल बसना सरोज पटेल, बसना एसडीएम हरिशंकर पैकरा, परियोजना अधिकारी राम सिंह मिरी, निज सहायक नरेंद्र बोरे, पार्षद राकेश डड़सेना, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा मंडल बसना दीपा साहू, मंच संचालक विवेक दास सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### सम्मान



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को सम्मानित किया गया।

# महतारी वंदन की राशि ने दुकान खोलने में की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- महतारी वंदन योजना बना आत्मविश्वास का पर्याय



बसना विकासखंड के ग्राम बंसुला की निवासी भोजवती साहू की जिंदगी पति के निधन के बाद मुश्किलों से भरी हो गई थी। घर की सारी जिम्मेदारियां उनके कंधों पर आ गईं, और सबसे बड़ी चिंता बच्चों के भविष्य को लेकर थी। इसी दौर में उन्हें महतारी वंदन योजना के बारे में जानकारी मिली। हर महीने मिलने वाली 1000 रुपये की सहायता उनके लिए वरदान साबित हुई। भोजवती ने इस राशि का समझदारी से उपयोग किया और एक छोटी सी किराना दुकान शुरू की। दुकान में बिस्कुट, नमकीन, साबुन, तेल जैसी रोजमर्रा की जरूरी चीजें रखीं। शुरुआत में हिचकिचाहट थी, लेकिन धीरे-धीरे ग्राहक बढ़े और आमदनी होने लगी। आज यह दुकान न केवल परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी कर रही है, बल्कि दोनों बच्चों को अच्छे स्कूल में पढ़ाई का अवसर भी दे रही है। भोजवती कहती हैं, जब मेरे बच्चे पढ़ते हैं और मुस्कुराते हैं, तो लगता है जैसे मेरे पति की आत्मा भी खुश हो रही होगी। मैंने हार नहीं मानी, और आज खुद पर गर्व महसूस करती हूं। यह सिर्फ 1000 रुपये नहीं, मेरी उम्मीद, ताकत और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का आधार था।



**सरायपाली।** शुभा नर्सिंग होम एवं शुभा सेवा संस्थान द्वारा आयोजित ₹अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस₹ के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरला कोसरिया सम्मिलित हुई। इस अवसर पर सरला कोसरिया ने कहा कि हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने एवं आप दोनों डॉ.भागेश्वर पटेल एवं डॉ. सुजाता पटेल के द्वारा लगातार सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रशंसा करती हूं।

